## हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला–176215

क्रमांकः HB(37)/E-321495/Counselling/2026-68942-68947 दिनांकः 11-09-2026

### "अधिसूचना"

बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचना संख्या HB(37)/E-321495/Counselling/2026-66204-66212 दिनांक 17-08-2026 के क्रम को जारी रखते हुए अधिसूचित किया जाता है कि D.El.Ed. CET 2026 की मैरिट के आधार पर हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित दो वर्षीय Diploma in Elementary Education (D.El.Ed.) सत्र 2026-2028 के लिए सरकारी DIET एवं निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में प्रवेश बची हुई **947 सीटों** के आवंटन के लिये दूसरे चरण की कौंसलिंग प्रक्रिया दिनांक **15-09-2026** से दिनांक **16-09-2026** तक प्रातः 10:00 बजे से बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में आयोजित करवाई जा रही है। Counselling प्रक्रिया हेतु मैरिट के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की तिथिवार सूची व श्रेणीवार आरक्षित बची सीटों की सूची बोर्ड बेवसाइट www.hpbose.org पर प्रकाशित कर दी गई है।

कौंसलिंग में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को निर्देश दिए जाते हैं कि वे बोर्ड वैबसाईट पर उपलब्ध मैरिट सूची एवं दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित तिथि पर कौंसलिंग हेतु बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला पहुंचें। अभ्यर्थियों को अपने शैक्षिणिक प्रमाण पत्रों (दसवीं व जमा दो), हिमाचली मूल निवास प्रमाण पत्र तथा आरक्षित श्रेणी/उप श्रेणी से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों एवं आवश्यक शपथ पत्रों की मूल प्रति व सत्यापित छायाप्रतियां के साथ बोर्ड वैबसाईट पर उपलब्ध BIO DATA FORM की प्रति को भरकर लाना होगा। EWS, OBC, Ward of Ex – Serviceman श्रेणी के अभ्यर्थियों को निर्धारित नमूने के अनुसार सक्षम अधिकारी से सत्यापित/जारी Affidavit अथवा प्रमाण पत्र जमा करवाया जाना अनिवार्य होगा। सीट आवंटन के समय पर अभ्यर्थी के वांच्छित संस्थान में सीट उपलब्ध होने पर ही मैरिट के आधार पर अभ्यर्थी को केवल एक बार सीट आवंटित की जायेगी, इसलिये अभ्यर्थियों को वांच्छित संस्थान का चुनाव सीट की मांग करने के पूर्व सुनिश्चित करना होगा। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष न0 **01892-242192** पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

उप सचिव (प्रशासन)
कृते सचिव

पृ0संख्या: यथोपरि–
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निदेशक, स्कूल शिक्षा, हिमाचल प्रदेश शिमला – 1।
2. समस्त उप–सचिव, सहायक सचिव, अनुभाग अधिकारी, हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड ।
3. अनुभाग अधिकारी, कम्प्यूटर सैल एवं डाटा सैंटर को इस आशय से प्रेषित है कि अधिसूचना, कौंसलिंग प्रक्रिया में चयनित अभ्यर्थियों की तिथिवार सूची और BIO DATA FORM, INSTRUCTION/ GUIDELINES को बोर्ड की वैबसाईट पर अपलोड करने बारे आवश्यक कार्यवाही करें।
4. वरिष्ठ/कनिष्ठ आशुलिपिक, माननीय अध्यक्ष व सचिव महोदय हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड ।
5. प्रभारी, लोक सम्पर्क हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड को इन निर्देशों के साथ प्रेषित है कि वह इस अधिसूचना को समाचार पत्रों के माध्यम से प्रसारित करें।
6. रक्षक संचिका।

उप सचिव (प्रशासन)
कृते सचिव

Scanned with OKEN Scanner